Title: Need to provide stoppage of Howrah-Jodhpur Express at Fatehpur railway station, U.P. - Laid.

डॉ0 अशोक पटेल (फतेहपुर): फतेहपुर से जयपुर तथा जोधपुर की यात्रा करने वाले यात्री पहले 3111 ट्रेन से यात्रा करते थे लेकिन यह ट्रेन बाद में दिल्ली आने लगी और इसके स्थान पर 2307 एवं 2308 (हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस) गाड़ी आरंभ की गयी। यह गाड़ी फतेहपुर स्टेशन पर नहीं रूकती। फतेहपुर एक व्यापारिक केन्द्र है। यहां से बड़ी संख्या में यात्री यात्रा करते हैं। उक्त गाड़ी के यहां न रूकने के कारण यहां से सवार होने वाले यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। फतेहपुर स्टेशन पर 20.20 बजे से सुबह 4.00 बजे तक किसी भी गाड़ी का ठहराव नहीं है।

अतः आपसे अनुरोध है कि यात्रियों को हो रही भारी असुविधा को देखते हुए हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस का फतेहपुर स्टेशन पर हाल्ट होना चाहिये, जिससे यहां के लोगों को हो रही कठिनाइयों को दूर किया जा सके।